मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-455
14/10/2022

# मुख्यमंत्री ने राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, समस्तीपुर का किया उद्घाटन, सरायरंजन में निर्माणाधीन श्रीराम जानकी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का किया निरीक्षण, निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने का दिया निर्देश

पटना, 14 अक्टूबर 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने समस्तीपुर जिले के सरायरंजन प्रखंड के रामनगर नरघोघी में नवनिर्मित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, समस्तीपुर का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया।

सरायरंजन प्रखंड में स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, समस्तीपुर के उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के भवन का निरीक्षण किया और वहां की शिक्षण सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं आप सबों का हार्दिक अभिनंदन करता हूं। मुझे खुशी है कि आज इंजीनियरिंग कॉलेज के उदघाट्न के अवसर पर आने का मौका मिला है। वर्ष 2015 में सात निश्चय में हमलोगों ने तय किया था कि हर जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना की जाएगी। समस्तीपुर में इसी जगह पर इंजीनियरिंग कॉलेज के साथ ही मेडिकल कॉलेज के लिए भी जगह उपलब्ध हो पाई है। आज नवनिर्मित इंजीनियरिंग कॉलेज का उद्घाटन किया जा रहा है। बगल में ही मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है। इसका भी निर्माण कार्य जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा। इस नवनिर्मित इंजीनियरिंग कॉलेज में सभी प्रकार की सुविधाएं दी गई हैं ताकि छात्र–छात्राओं को पठन–पाठन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिनका नामांकन किया गया था, उनलोगों को मुजफ्फरपुर में पढ़ाया जाता था। अब वे यहां आकर पढ़ाई शुरू कर देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम भी बिहार कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के छात्र रहे हैं इसलिए छात्रों की परेशानियों का ध्यान रखते हुए सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास करते हैं। बिहार कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग देश के पुराने कॉलेजों में से एक था। देश के चार–पांच महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग कॉलेजों में से यह एक रहा है। श्रद्धेय अटल जी की सरकार में जब हम केंद्र में मंत्री थे तो प्रयास कर बिहार कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग को हमने एन0आई0टी0 का दर्जा दिलाया। उन्होंने कहा कि हर जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना की गई है और कई जगहों पर मेडिकल कॉलेज भी बनवाए गए हैं। हमलोग ने सोचा है कि अब हर जिले में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण करा देंगे ताकि लोगों को इलाज में और सुविधा हो। भोजपुर, बक्सर और कटिहार में मेडिकल कॉलेज का काम चल रहा है। सभी जिलों में पॉलिटेक्निक संस्थान की स्थापना की गई है। पॉलिटेक्निक संस्थानों में छात्र–छात्राओं की पढ़ाई की सुविधा के साथ–साथ छात्रावास की भी व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 13 अक्टूबर 2022 की कैबिनेट की बैठक में समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर और उजियारपुर में डॉ0 भीमराव अंबेडकर उच्च आवासीय विद्यालय की स्थापना का निर्णय लिया गया है। हमलोगों ने मेडिकल कॉलेजों एवं इंजीनियरिंग कॉलेजों के लिए अलग–अलग यूनिवर्सिटी का निर्माण भी करा दिया है। सभी मेडिकल कॉलेजों एवं

इंजीनियरिंग कॉलेजों में लड़कियों के लिए एक तिहाई सीट आरक्षित कर दी गई है। हम लड़कियों और महिलाओं के उत्थान के लिए लगातार काम कर रहे हैं। जीविका समूह बनाकर भी हमने महिलाओं के उत्थान के लिए भी काफी काम किये हैं। पंचायती राज संस्थाओं एवं नगर निकाय चुनावों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। वर्ष 2007–08 में लड़कियों के लिए साइकिल और पोशाक योजना चलाई गई, जिससे बड़ी संख्या में लड़कियां स्कूल जाने लगीं और अब मैट्रिक की परीक्षा में लड़के और लड़कियों की संख्या लगभग बराबर हो गई है। लड़की पढ़ेगी तो समाज और आगे बढ़ेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सर्वेक्षण से पता चला कि पति–पत्नी में पत्नी अगर मैट्रिक पास है तो देश का प्रजनन दर 2 था और बिहार का भी प्रजनन दर 2 था। पति–पत्नी में पत्नी अगर इंटर पास है तो देश का प्रजनन दर 1.7 था और बिहार का भी प्रजनन दर 1.6 था। लड़कियां पढ़ेंगी तो प्रजनन दर में कमी आएगी। हमने हर पंचायत में 10+2 की पढ़ाई शुरू करवाई। राज्य का प्रजनन दर पहले 4.3 था, जो अब घटकर 2.9 पर आ गया है। कुछ समय में घटकर प्रजनन दर 2 पर आ जाएगा। लड़कियां ठीक ढंग से पढेंगी तो समाज में बदलाव आएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग सभी वर्गों के उत्थान के लिए लगातार काम कर रहे हैं। अल्पसंख्यक समाज के उत्थान के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। अनुसूचित जाति–अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा, अतिपिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक समाज के साथ–साथ सभी वर्गों के लिए हमलोग काम करते हैं। हमलोग समाज में प्रेम और भाईचारा बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। पहले हम भाजपा के साथ थे लेकिन अब हम उनसे अलग हो गए हैं। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी, श्री लालकृष्ण आडवाणी जी और श्री मुरली मनोहर जोशी भाजपा के संस्थापक और प्रमुख नेता रहे हैं, जिनके साथ हमने केंद्र सरकार में भी काम किया। 1998 में अटल जी ने अपनी सरकार में हमें मंत्री बनाया। तीन विभागों के दायित्वों को हमने संभाला है। उस समय ढंग से काम होता था। वे मुझे काफी स्नेह देते थे। अब के लोग किसी की बात नहीं सुनते हैं। हमलोग सभी समाजवादी अब एक साथ आ गए हैं। सब मिलकर बिहार के साथ–साथ देश का विकास करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां जो आने वाली सड़क है, उसका चौड़ीकरण कराया जाएगा ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा हो। हम लोगों की सेवा करते हैं। अपने लिए कुछ नहीं सोचते हैं। आपने मौका दिया है तो आपकी सेवा करना हमारा धर्म है। समस्तीपुर से मेरा विशेष लगाव है, पिछली बार बाढ़ में कितनी बार आपके बीच आए थे। जननायक स्व0 कर्पूरी ठाकुर जी से हमारा विशेष लगाव रहा है।

मुख्यमंत्री ने इंजीनियरिंग कॉलेज में शिक्षक और कर्मियों की आवश्यकता के संबंध में अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जितनी संख्या में शिक्षक और कर्मियों की आवश्यकता हो उसे पूरा करें ताकि छात्रों को पठन–पाठन में किसी भी तरह की असुविधा न हो। नवनिर्मित इंजीनियरिंग कॉलेज के भवन के मेंटेनेंस और इसकी साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि बिहार और देश का विकास कैसे हो, इसके बारे में हमलोग दिन–रात सोचते हैं और उस पर काम करते हैं।

मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का स्वागत भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि ने हरित पौधा एवं समस्तीपुर के जिलाधिकारी श्री योगेंद्र सिंह ने प्रतीक चिह्न भेंटकर किया। कार्यक्रम को वित्त सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री श्री आलोक कुमार मेहता, बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष श्री महेश्वर हजारी, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, विज्ञान एवं प्रावैद्यिकी मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह, सांसद श्री रामनाथ

ठाकुर, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह एवं भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री सह समस्तीपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री श्रवण कुमार, विधायक श्री अशोक कुमार मुन्ना, विधायक श्री अख्तरुल इस्लाम शाहीन, विधायक श्री रणविजय साहू, विधायक श्री वीरेंद्र कुमार, विधान पार्षद श्री तरुण चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, दरभंगा प्रमंडल के आयुक्त श्री मनीष कुमार, दरभंगा प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री ललन मोहन प्रसाद, समस्तीपुर के जिलाधिकारी श्री योगेंद्र सिंह, समस्तीपुर के पुलिस अधीक्षक श्री हृदयकांत सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण, शिक्षकगण, छात्र–छात्राएं एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

कार्यक्रम के पश्चात् मुख्यमंत्री ने समस्तीपुर जिले के सरायरंजन प्रखंड के रामनगर नरघोघी में निर्माणाधीन श्रीराम जानकी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने निर्माण कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करें। इसकी बाहरी चहारदीवारी को ऊंचा कराएं तथा चहारदीवारी के किनारों पर पौधारोपण कराएं।

******